हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 18.2 डिग्री

न्यूनतम 9.2 डिग्री

4 ओपी जिंदल विद्यालय कुंजेमुरा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## ग्रामीण विकास विभाग के 21 कार्य शामिल

# मुख्यमंत्री करेंगे 182 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरूवार को जिले में 11099.27 लाख रुपए के कुल 182 कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। लोकापर्ण के 53 कार्यों के लिए 3264.93 लाख एवं भूमिपूजन 129 कार्यों के लिए 7834.34 लाख के कार्य शामिल है।

इनमें जशपुर विधानसभा में 5698.25 लाख के कुल 45 कार्य, कुनकुरी विधान सभा के 4050.16 लाख के कुल 102 कार्य एवं पत्थलगांव विधानसभा के 1350.86 लाख के कुल 35 कार्य शामिल हैं। लोकार्पण के कार्य में विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 06 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के 02 कार्य, कृषि विभाग के 3 कार्य, नगरपालिका परिषद जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 3 कार्य और लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य, वि.या.लाईट मशीनरी नलकूप, गेट उप संभाग अम्बिकापुर के 01 एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कलयाण विभाग के 01 कार्य शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 21 कार्य, छग ग्रामीण सड़क विकास अभि. जशपुर के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य, नगर पंचायत कुनकुरी के 01 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य और आदिवासी विकास विभाग के 01 कार्य शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 03 कार्य, कृषि विभाग के 02 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 02 कार्य एवं नगर पंचायत पत्थलगांव के 01 कार्य शामिल हैं। भूमिपूजन के विधानसभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण ⏭शेष पेज 4 पर

### जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह आज

**जशपुरनगर।** नगर के रणजीता स्टेडियम में जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह का आयोजन गुरूवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छग शासन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव की विधायक श्रीमती गोमती साय करेंगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र जशपुर के विधायक श्रीमती रायमुनी भगत एवं नगरपालिका परषिद के अध्यक्ष नरेश चन्द्र साय होगें।

### सड़क का डामरीकरण कार्य प्रगति पर

**जशपुरनगर।** एनएच के पत्थलगांव शहर में डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने एनएच सहित अन्य सड़क निर्माण कार्य में प्रगति लाकर कार्य पूर्ण करने की निर्देश देते हुए कार्यों के प्रगति के संबंध में निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ, उप अभियंता, ठेकेदार को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश थे। साथ ही सड़क निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। एनएच सड़क निर्माण कार्य कार्य प्रगति पर है।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में एक की मौत, 2 की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मयाली से पिकनिक मनाकर लौट रहे 3 बाईक सवार युवक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए। इस सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 की हालत नाजुक बताई जा रही है।

घायल युवकों को इलाज के लिए कुनकुरी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र के चराई मारा गांव की है। बताया जा रहा है कि घायल और मृतक सन्ना क्षेत्र के कौबा गांव के रहने वाले है। तीनो एक शादी समारोह में कजरा आए थे।

शादी समारोह के बाद तीनो पिकनिक मनाने बाइक से मयाली गए थे। लौटते वक्त हादसा हो गया मौके पर नारायणपुर थाना पुलिस पहुंची।

## जनहानि के दो मामलों में 8 लाख की सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत बगीचा तहसील के ग्राम पसिया निवासी स्व.रीना बाई का नदी के पानी में डूबने से 10 मई 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता रतिया हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार मनोरा तहसील के ग्राम सरडीह निवासी स्व. बुधराम का नदी के पानी में डुबने से 20 सितम्बर 2021 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती फुलो बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का सम्मेलन 30 को

**कांसाबेल।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ पंजीयन क्रमांक 1881 का 22 वां प्रांतीय सम्मेलन 30 दिसंबर 2023 शनिवार को जिले के पाकरगांव में होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती गोमती साय होंगी। अध्यक्षता संघ के प्रांताध्यक्ष डीपी मनहर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त के साथ जिले एवं तहसील के अध्यक्ष गण,प्रांतीय पदाधिकारी गण शामिल होंगे। सम्मेलन में 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को सम्मानित किया जाना है। इसके लिए प्रांत भर की पदाधिकारी को 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर बन्धुओं को यहां लाने का आग्रह किया गया है। जशपुर जिले के सभी विकास खण्डों के पेंशनर बन्धुओं /बहनों को 30 दिसम्बर को 12:00 बजे तक पाकर गांव के सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपसस्थित होने का आग्रह किया गया है। ताकि उनके समस्या का निराकरण कराया जा सके ।

### प्रशासनिक टीम ने जब्त किया 60 बोरी अवैध धान

**बलरामपुर।** जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला भी जारी है। कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है और कोचियों व बिचौलियों के पास से धान जब्त किया जा रहा है। इस बीच कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशानुसार एसडीएम वाड्रफनगर के मार्गदर्शन में तहसीलदार रघुनाथ नगर के द्वारा अवैध रूप से भंडारित लगभग 60 बोरी धान जब्त किया गया है। ग्राम झपरा के निवासी रमदसिया के घर में जांच में पाया गया कि रमदसिया के द्वारा 60 बोरी धान अवैध रूप से अपने घर में भंडारित किया गया था। बता दें कि कलेक्टर जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं इसके साथ ही नागरिकों से आह्वान किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

### सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होने आवेदन 5 तक

**बलरामपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव 2024 का आयोजन 14, 15 एवं 16 जनवरी 2024 को प्रस्तावित है। जिले के इस गरिमामयी उत्सव में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस महोत्सव में ऐसे कलाकार, व्यक्ति जो गायन, नृत्य, कविता पाठ्य, हास्य, संगीत वादन जैसे अन्य सार्वजनिक मंच पर दी जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों पर रूचि रखते हों तथा तातापानी महोत्सव 2024 में अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहते हैं, वे अपने द्वारा दिये जाने वाले प्रस्तुति के अंश का वीडियो (5 मिनट अवधि का), आवेदन पत्र के साथ 5 जनवरी 2024 तक कार्यालय कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज में जमा कर सकते हैं।

### कृषकों को वितरित किया गया धान बोनस प्रमाण पत्र

**रनहत।** सुशासन दिवस के अवसर पर दो वर्षों के बकाया धान की बोनस राशि का प्रमाण पत्र आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पस्ता में कार्यक्रम के दौरान किसानों को किया गया।

## पीएम आवास निर्माण कार्यों की जानकारी लेने घर-घर पहुंच रहे अधिकारी




**जशपुरनगर।** पीएम आवास का लाभ दिलाने अधिकारी कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों के घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। इससे पीएम आवास निर्माण कार्य की सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने अधिकारी कर्मचारियों को पीएम आवास निर्माण संबंधी कार्य में प्रगति लाने के लिए हितग्राहियों के घर-घर जाकर वस्तु स्थिति की रिपोर्ट लेने निर्देश दिए हैं। आदेश के परिपालन में अधिकारी कर्मचारी पीएम आवास योजना के घर जाकर कार्य प्रारंभ करने और समय अवधि में पूर्ण करने समझाइस दी जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बारों, जनपद फरसाबहार में कुल 37 आवास हितग्राहियों में से 20 आवास हितग्राहियों को आवास प्रारंभ कर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया

■ निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने दी जा रही समझाइश

## विकसित भारत संकल्प यात्रा बेमताटोली व लोदाम पहुंची

**जशपुरनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को कुनकुरी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बेमताटोली और जशपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लोदाम पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित शिविर में पंचायती राज भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव सीएस कुमार उपस्थित थे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न विभाग के स्टालों का अवलोकन किया।

■ सचिव ने लगाए गए विभिन्न स्टालों का किया अवलोकन



शिविर का निरीक्षण करते हुए सचिव सीएस कुमार ने अधिकारियों एवं हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की ग्राम पंचायत में किये जा रहे क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों और योजनाओं को सारे लोगों तक पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा को उदेदश्य है। कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाए। हितग्राहियों को पीएम आवास निर्माण पूर्ण, पीएम उज्वला गैस योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रमाण पत्र प्रदाय किया इस दौरान मुख्य अतिथि चंद्रशेखर कुमार और जिला पंचायत सीईओ संवित मिश्रा ने उज्ज्वला गैस के हितग्राहियों, किसान क्रेडिट कार्ड के लाभार्थियों को कार्ड देकर योजना का लाभ दिलाया। पटवारी हरीश सिंह को भूमि संसाधन विभाग की ओर से डिजिटल इंडिया भूमि आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत 99 प्रतिशत से ज्यादा कार्य करने पर मुख्य अतिथि के हाथों अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक दिनेश अग्रवाल, सहायक संचालक पंचायत संचालनालय रायपुर हिमांशु साहू, एसडीएम श्यामा पटेल, डिप्टी कलेक्टर ओंकार यादव, तहसीलदार मुकदेव यादव, जनपद सीईओ कुनकुरी, भरत सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, अमन शर्मा, दीपक शर्मा, सरपंच श्रीमती लकड़ा, स्थानीय जन जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित भाई संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में आम जनता को जानकारी दी गई।

## स्तनपान को बढ़ावा देने जोकबहला में न्यूट्रीशियन शिविर आयोजित



जशपुरनगर। जिले में सुरक्षित मातृ एवं शिशु देखभाल कार्यक्रम के सुदृढीकरण के लिये आईआईटी बाम्बे के सहयोग से स्तनपान को बढ़ावा देने एवं कुपोषण को कम करने हेतु विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी ग्राम पंचायत जोकबहला में न्यूट्रीशियन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और न्यूट्रीशियन चार्ट दिखाकर प्रोटीन के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्तनपान को बढ़ावा देने एवं कुपोषण को कम करने हेतु चलाए जा रहे गतिविधि तथा इसमें हुई प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यक्रम के सुचारू संचालन, मानीटरिंग एवं आवश्यक प्रगति के संबंध में चर्चा की गई।

■ चार्ट दिखाकर प्रोटीन के महत्व की दी गई जानकारी

## अटल जी की प्रतिमा अनावरण से समाज में जाएगा बेहतर संदेश

**बिश्रामपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को ग्राम पंचायत कुंजनगर के अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम विजयराज अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छग शासन की केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संगमरमर से निर्मित अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जीवनी, राजनैतिक क्रियाकलापों एवं उनकी कविताओं पर आधारित कार्यक्रम प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित की गई। केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा कुंजनगर अटल चौक पर अटल जी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है, इससे समाज में एक बेहतर संदेश जाएगा। कार्यक्रम को बाबूलाल अग्रवाल व अजय गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक विजयराज अग्रवाल ने कहा कि ग्राम कुंजनगर के अटल चौक पर संगमरमर से निर्मित 98 किलो की मूर्ति स्थापित की गई है। ग्राम कुंजनगर में अटल जी की मूर्ति स्थापित कर हमने अटल जी के 99 वें जन्मदिवस पर उन्हे श्रद्धांजलि प्रकट की है।

## महिला से दुष्कर्म के बाद मुंह दबाकर हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

ढोढ़ी में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और मुंह व नाक दबाकर हत्या कर दी। महिला की मौत होने के बाद लाश को ढोढ़ी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इधर इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विधायक ने भी महिला के परिजन से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने पुलिस से 21 दिसंबर को शिकायत की थी कि उसकी बहु 20 दिसंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान अगली सुबह उसकी लाश ढोढ़ी में डूबी हुई मिली थी। पुलिस द्वारा सूचना के बाद लाश को पीएम के लिए भेजा गया था इसके साथ ही मामले में एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, एसडीओपी सीतापुर राजेंद्र मंडावी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान दर्ज किए गए बयान व साइबर सेल की मदद से पुलिस ने संदेह के आधार पर ग्राम सुर के मुड़ापारा निवासी 25 वर्षीय सुनील तिर्की आ. सुखराम तिर्की को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी मृतिका से पहले से जान पहचान थी और घटना दिवस को दोनों गांव में मिले थे।

■ ढोढ़ी में मिली थी महिला की लाश, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम



प्रदर्शन करती महिलाएं, इनसेट में पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### फांसी देने की मांग, परिजन से मिले विधायक

आज मृतिका के साथ दुष्कर्म की जानकारी मिलने के बाद परिजन व लोगों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने एनएच 43 पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा ग्रामीणों को समझाइस दी गई। ग्रामीण हत्या व दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग कर रहे थे। पुलिस द्वारा परिजन को समझाइस देकर मामला शांत कराया गया। इसके साथ ही घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक राम कुमार टोप्पो मृतिका के परिजन से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना की निंदा करने के साथ ही परिजन को ढाढ़स बंधाया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## किराना दुकान में चोरी करने वाले अपचारी बालकों समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर/बलरामपुर।** किराना दुकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालक समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक साधु के वेश में घूमता है जबकि दूसरा थर्ड जेंडर बनकर घूमता है। इसके साथ ही आरोपी हाल ही में हत्या के प्रयास के मामले में जेल से बाहर निकला था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत रामनगर निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र गुप्ता आ. स्व. शंभु प्रसाद गुप्ता की ग्राम महेवा मुख्य बाजार में किराना दुकान संचालित है। व्यवसायी 23 दिसम्बर को अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। 24 दिसम्बर की सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान में पीछे की तरफ से सेंधमारी की गई थी। जब व्यवसायी ने दुकान खोला तो दुकान के अंदर से 40 हजार रुपए नगद, 20 हजार रुपए का किराना सामान व 10 हजार रुपए का एक टीवी गायब चोरी हो गया था।

### घाटबर्रा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## सरगुजा स्थित खदान के समर्थन में खड़े हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के अधीन ग्राम घाटबर्रा के ग्रामीणों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के बाद अब जिला कलेक्टर को अपने क्षेत्र के विकास और रोजगार के मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

मंगलवार को लगभग 200 ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन लेकर ग्रामीणों का एक समूह जिला मुख्यालय अंबिकापुर पहुंचा। यहां इन्होंने सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और अपने क्षेत्र में आवंटित परसा ईस्ट कांता बासन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि का अधिग्रहण कर जल्द से जल्द मुआवजा व रोजगार तथा वन अधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राहियों को मुआवजा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ज्ञापन में इन्होंने लिखा कि परसा ईस्ट कांता बासन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही चल रही है जिसके तहत ग्रामसभा किया जाना है जो कि अभी तक लंबित है। उक्त कोयला खदान में खनन का कार्य ग्राम घाटबर्रा की सीमा के निकट तक पहुंचता जा रहा है किन्तु आज तक हम ग्रामवासियों को रोजगार प्राप्त नहीं हुआ है और न ही भूमि का मुआवजा मिला है, तथा वन अधिकार के अन्तर्गत प्राप्त पट्टे की भूमि का मुआवजा भी अभी तक प्रदान नही किया गया है। भूमि का अधिग्रहण नहीं होने के कारण हम ग्रामवासी रोजगार व भूमि के मुआवजा से वंचित हैं और हमारे परिवार का भरण पोषण अच्छे से नहीं हो पा रहा है। इस दौरान घाटबर्रा गांव के सन्नी यादव, हुबलाल, बाबलू हरिजन, सुरेन्द्र यादव ने कलेक्टर कुंदन कुमार से अनुरोध करते हुए कहा कि परसा ईस्ट केंते बासेन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जल्द से जल्द भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही करने का कष्ट करें जिससे कि हमें भूमि का मुआवजा तथा पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली सभी सुविधाओं के सहित हमें रोजगार प्राप्त हो सके। साथ ही साथ वनाधिकार पट्टे से प्राप्त भूमि का मुआवजा भी शीघ्र प्रदान करने की कृपा करें।

## बाइक पर घूमने निकले छात्रों को ट्रक ने कुचला, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

मंगलवार की सुबह एनएच 43 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो नाबालिग दोस्तों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक का चालक बाइक सवारों को रौंदते हुए फरार हो गया। इस घटना के पीछे मुख्य वजह तेन रफ्तार के साथ ही कोहरे को भी बताया जा रहा है। कोहरा अधिक होने के कारण चालक को बाइक नजर नहीं आई होगी। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले में मर्ज कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम भटको निवासी 15 वर्षीय हेमंत आ. हरि भजन मंगलवार की सुबह अपनी बाइक से घूमने के लिए निकला था। किशोर बाइक से पहले अपने साथी शांतिपारा निवासी 14 वर्षीय अमरिकन आ. संजीवन के पास पहुंचा जहां से दोनों बाइक करामनक सीजी 15 डीवी 9067 से लालमाटी की ओर आ रहे थे। इस दौरान एनएच 43 पर सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे नाबालिग लड़कों को ट्रक चालक कुचलते हुए फरार हो गया। घटना के बाद दोनक शव सड़क पर ही पड़े हुए थे जिससे वाहनों के पहिए थम गई और एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

■ एनएच 43 पर हुई घटना, कोहरा व तेज रफ्तार बनी मुख्य वजह



## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री से मिले मानव उत्थान समिति के पदाधिकारी

**अम्बिकापुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सदगुरुदेव सतपाल महाराज के शिष्य छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक राजेश्वर सिंह एवं शाखा विश्रामपुर के शाखा प्रधान गणेश प्रसाद राजवाड़े, हीरालाल राजवाड़े, धनीराम सिंह, अनिल सिंह एवं पुष्पा सिंह छत्तीसगढ़ शासन में भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की।

### बिंझिया समाज सम्मेलन के संबंध में बैठक



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत जमदई में अखिल भारतीय बिंझिया समाज महासम्मेलन 8 जनवरी को आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी जगह के बिंझीया समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित कई मंत्री व सरगुजा संभाग के सभी विधायक मौजूद होंगे। इस दौरान ग्राम जमदई में बिंझिया समाज द्वारा समाज की कमियां व उनके सुधार, उत्थान के लिए सुझाव, समाज के भीतर बुराईयों व कुरीतियों को मिटाने के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। साथ ही जमदई में होने वाले महासम्मेलन की तैयारी के लिए भी चर्चा की गई। बैठक में वॉलिंटियर, वाहन पार्किंग व्यवस्था, हेलीपैड से लेकर अन्य कई विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में बिंझिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुवाल सिंह सिदार, कोषाध्यक्ष देवनारायण, सचिव हरदेव राम, जयनगर क्षेत्र के अध्यक्ष बुझन राम, तपेश्वर सिरदार, महोदर राम, बंधु राम, लालबहादुर, कैलाश सिरदार, देवशरण, राजेश्वर, सितेश सिरदार, विनोद सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### कोयला निकालने जगह-जगह खोद दी खदानें

# एक साल की चुप्पी के बाद फिर सक्रिय हुए कोयला तस्कर



गड्ढे से कोयला निकालते ग्रामीण।



अवैध खदान के लिए तस्करों द्वारा खोदा गया गड्ढा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

क्षेत्र में एक बार फिर कोयला तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है। कोयला खनन के लिए तस्करों ने जगह-जगह कोयला की छोटी-छोटी खदानें तैयार कर ली है तथा लगातार कोयले का उत्खनन भी कररहे हैं। जिस तेजी से कोयला की अवैध खदानें तैयार हो रही है आने वाले समय में अपराधिक गतिविधियां बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता।

**खास बात**

- तस्करी रोकने नहीं हो रही कारगर पहल

लखनपुर के बड़े इलाके के भू-गर्भ में कोयला का अकूत भण्डार भरा है। कुछ इलाकों में 5-6 फीट की गहराई में ही कोयला निकल जाता है। कई क्षेत्रों में तो घर बनाने के लिए नींव खोदने के दौरान ही कोयला की मोटी सतह दिखने लगती है। आसपास के नदी-नालों की सतह से भी भारी मात्रा में कोयला निकलता है। पूर्व में कुछ लोग चोरी-छिपे अपने उपयोग के लिए कोयला का खनन करते थे। बाद में कुछ ग्रामीण होटल-ढबों में खपाने के लिए कोयला का उत्खनन करने लगे लेकिन पिछले दो दशकों से कोयला तस्कर धड़ल्ले से अपनी-अपनी कोयला खदाने संचालित कर रहे हैं। तस्करों ने दबंगई पूर्वक राजस्व एवं वन भूमि में अपनी कोयला खदानें तैयार कर ली है। नदी-नालों के किनारे भी ऐसी दर्जनों खदानें संचालित हं। बड़े पैमाने पर संचालित हो रही कोयला खदानों पर रोक लगाने न तो कभी खनिज विभाग ने कार्रवाई करने की हिम्मत जुटाई न ही कभी पुलिस विभाग ने ही सख्ती की। एक साल पूर्व पहली बार प्रशिक्षु आईपीएस रांविंसन गुड़िया की सख्ती पर कुछ समय तक कोयला तस्करी पूरी तरह से ठप रही। उनके जाने के बाद फिर से तस्करअपनी कोयला खदानें तैयार करना शुरू कर दिए हैं। तस्कर सस्ते दामों में अवैध कोयला बेचते हैं। पूर्व में तस्कर ट्रैक्टरों से कोयला परिवहन करते थे लेकिन अब ट्रैक्टरों की धर-पकड़ शुरू हो गई है जिससे तस्कर अब बाइक से कोयले का परिवहन कर रहे हैं। ईंट भट्ठों में अधिक मांग होने के कारण तस्कर पूरी रात बाइक पर एक साथ 3 बोरा कोयला लोड कर पूरी रात परिवहन करते हैं। एक स्थान पर कोयला जमा करने के बाद ट्रैक्टर से भी कोयले का परिवहन किया जा रहा है। खनिज एवं पुलिस विभाग बीच-बीच में तस्करों पर कार्रवाई करने की खानापूर्ति करते रहा है लेकिन तस्करों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

**ऐसे बनाते हैं खदान**

तस्कर जेसीबी की मदद से उत्कृष्ट स्तर के कोयले वाली जगह पर 7-8 फीट गहरा चौकोर गड्ढा खुदवाते हैं। कोयला उत्खनन की जिम्मेदारी गांव के एक्सपर्ट मजदूरों को सौंप देते हैं। ऊपर की कठोर सतह ही हटाने के बाद शिफ्टवार चार-चार मजदूर कोयला का उत्खनन करते हैं। दो मजदूर गड्ढे में कोयला खोदते हैं जबकि दो मजदूर खोदे गए कोयले को रस्सी के सहारे बाहर निकालते हैं। थकने पर कोयला खोदने वाले मजदूर बाहर निकल जाते हैं तथा कोयला बाहर निकालने वाले मजदूर कोयला खोदते हैं। इस तरह इन अवैध खदानों का संचालन दिन-रात चलते रहता है। अंधेरा होने पर संग्रहित कोयले का परिवहन किया जाता है। तस्कर ग्रामीणों को मजदूरी का साप्ताहिक भुगतान करते हैं। गहरी खदानों से हर दूसरे दिन पम्प लगाकर पानी भी निकालना पड़ता है।

**नई क्षेत्रों में अवैध खदानें**

कोयला खनन के लिए तस्करों ने अलग-अलग स्थानों पर 50 से अधिक निजी खदानें बनाई है। ग्राम पंचायत गुमगरा के खालकछार में हाल ही में तस्करों ने तीन खदानें बनाई है जिनमें एक से लगातार कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। गुमगरा नागमाड़ा में चार गड्ढे खोदे गए हैं। अमेरा खदान के पास ग्राम चिलबिल, परसोड़ीकला स्थित चुल्हट नी के किनारे लगभग 8 गड्ढे खोदे गए हैं। पूर्व में खोदे गए गड्ढों में अभी पानी भरा है। पम्प से पानी निकालने के बाद ही गड्ढों से कोयले का उत्खनन किया जाएगा।

**होगी सख्त कार्रवाई**

मैं ऐसे क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर रहा हूं। कोयला तस्करी पर नजर रखी जा रही है। कोयला तस्करी में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-शुभम तिवारी
प्रशिक्षु डीएसपी
एवं थाना प्रभारी लखनपुर

# नगर आगमन पर विधायक को लड्डूओं से तौला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिले के सामरी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा के प्रथम नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नागरिकों के साथ ही कार्यकर्ताओ ने उन्हें लड्डुओं से तौला। बता दें कि सामरी विधानसभा से श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने चुनाव में जीत दर्ज की है। विधायक बनने के बाद आज प्रथम नगर आगमन पर बचवार चौक से शंकरगढ़ तक कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी के साथ ही विधायक को लड्डुओं से तौला गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, मण्डल अध्यक्ष दिनेश पैकरा ने जनता को संबोधित करते हुए क्षेत्र का विकास दो गुनी गति से करने की बात कही। जनपद अध्यक्ष शिवशंकर मरावी सहित क्षेत्रीय विधायक ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान नीरज कश्यप के नेतृत्व में विधायक को लड्डुओं से व संजय मित्तल द्वारा फल से तौला गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मन्नालाल चौधरी, शिवनाथ यादव, राजेश अग्रवाल, अमिताभ सिंह देव, मुकेश कश्यप, निमेष यादव, योगेश यादव, तिलासाय, विवेक जायसवाल, आशीष केशरी, सोनू दुबे, अनुरंजन यादव, गोलू अली, राजनाथ ठाकुर, पूजा कश्यप, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### आधे अधूरे शौचालय को पूर्ण कराने सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** शहर के आकाशवाणी चौक पर संचालित पौनी पसारी में आधे अधूरे शौचालय के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व एल्डरमैन ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व एल्डरमैन दीपक गर्ग ने बताया कि आकाशवाणी चौक पर विगत कुछ वर्षों से पौनी-पसारी बाजार का संचालन हो रहा है। पौनी पसारी में ग्रामीण और शहर के सब्जी, फल बेचने वाले सुबह से रात तक व्यवसाय करते है। इसके साथ ही सामान खरीददारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचते है लेकिन उक्त स्थल पर ग्रामीणों व आम राहगीरों के लिए एक भी मूत्रालय, शौचालय नहीं है। उक्त स्थल पर 2-3 वर्ष पूर्व उक्त स्थल पर शौचालय का निर्माण प्रारंभ हुआ था जो अधूरा पड़ा हुआ है। उन्होंने अधूरे शौचालय को पूर्ण कराने की मांग की है।

### छात्रावास निर्माण में गड़बड़ी, शिवसेना ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** शिवसेना के विष्णु वैष्णव ने आज मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें ग्राम पंचायत नमदगिरी में बन रहे छात्रावास निर्माण में हो रहे गड़बड़ी का आरोप लगाया। विष्णु वैष्णव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम नमदगिरी में छात्रावास निर्माण किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार अधिकारियों मिलीभगत कर निर्माण कार्य में गड़बड़ी बरती जा रही है। निर्माण कार्य में ओभर इस्टीमेंट बनाकर एवं गुणवत्ता विहीन मटेरियल से निर्मित कर शासकीय पैसों का दुरुपयोग कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। शिवसेना के पदाधिकारियों ने मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

### वीर बाल दिवस : जोरावर सिंह व फतेह सिंह की कहानी सुनकर भावुक हुए बच्चे

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने प्रदर्शनी लगाई। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिक्षक योगेश साहू ने वीर बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोविंद के 2 पुत्र वीर बाल दिवस साहिबजादे जोरावर सिंह 9 वर्ष और फतेह सिंह 7 वर्ष सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। सम्राट औरंगज़ेब के आदेश पर मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहिब को घेर लिया गया। इस घटना में गुरु गोबिंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। धर्म बदलने की पेशकश पर न मारने की बात कही गई परंतु दोनों ने ठुकरा दिया जिस कारण उन्हें मौत की सज़ा दी गई। दोनों शहीदों ने धर्म न बदलने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी।





# 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज नए साल पर होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style

# पूजा हेगड़े



## शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।

हॉलीवुड मसाला



# क्रिसमस समारोह में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसनें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां ईसाई समुदाय के कई लोग पहुंचे थे। इन्हीं सब के साथ डिनो भी इस समारोह का हिस्सा बने। अब अभिनेता ने 26 दिसंबर को इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।



# डिस्कवरी इंक की बॉक्स ऑफिस पर फिर वापसी

**लॉस एंजिलस।** छुट्टियों का मौसम ख़त्म होने और 2024 के शुरू होने के साथ ही हम जनता को सिनेमाघरों की ओर वापस आकर्षित करने के लिए सेट की गई प्रमुख मोशन पिक्चर्स पर प्रकाश डालते हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छुट्टियों के मौसम में बॉक्स ऑफिस क्या लेकर आता है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक की 15 दिसंबर की सफल शुरुआत के बाद आशावादी माहौल है। वोंका. उस फिल्म ने अपनी शुरुआती रात में 3.5 मिलियन डॉलर की कमाई की। सीएनबीसी की जूलिया बरस्टिन के अनुसार, उद्योग विश्लेषकों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूत आंकड़ों के साथ-साथ पहले सप्ताहांत में कुल बॉक्स ऑफिस बिक्री 40 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया है। ब्लॉकबस्टर बार्बी और ओपेनहाइमर ने परिवारों को सिनेमाघरों में वापस आकर्षित किया, और फिर टेलर स्विफ्ट के द एरास टूर म्यूजिकल के परिणामस्वरूप इस तिमाही की शुरुआत में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



# जैकी संग प्यार का किया इजहार...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।' उन्होंने आगे लिखा, 'आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।' इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



# विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर...

**मुंबई।** अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन, खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं। आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपच्र्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है।

टीवी मसाला



# 'कर्माधिकारी शनि देव' में मिस्टर हिमाचल रवीज ठाकुर आएंगे नजर


*हिमाचल के होनहार रवीज ठाकुर 'देवों के देव महादेव' के प्रोड्यूसर निखिल सिन्हा के नए धारावाहिक 'कर्माधिकारी शनि देव' में पैरलल लीड में नजर आएंगे।*

**नई दिल्ली।** धारावाहिक का प्रोमो जल्द आएगा, धारावाहिक अगले महीने से शेमारू टीवी पर देखा जा सकेगा। धारावाहिक की शूटिंग मुंबई स्थित भजनलाल स्टूडियो में जारी है। संदीप मोहन रिवीज के पिता के रोल में नजर आएंगे। 'दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप' के लोकप्रिय इवेंट 'मिस्टर हिमाचल' के विजेता रवीज ठाकुर ने मुंबई में बड़ी ख्याति हासिल की है।

सोनी टीवी के सीरियल 'पोरस' में रविज ठाकुर को सेल्यूकस निकेटर के किरदार में लोगों ने खूब पसंद किया। शिमला की रोहड़ू तहसील के रूंडा गांव के रविज ने हाल ही में मनोज बाजपेई के साथ एमेजॉन प्राइम का विज्ञापन किया। रविज का मानना है कि'मिस्टर हिमाचल' के माध्यम से ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रवीज इससे पहले दर्जनों सीरियल में काम कर चुके हैं। रवीज ठाकुर ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से हासिल की है। वर्ष 2015 में 'मिस्टर हिमाचल' जैसे प्लेफार्म ने उनकी दिशा बदल दी। 'मिस्टर इंडिया मैन हंट पेजेंट' का खिताब हासिल करने के बाद जनवरी, 2016 में रवीज ने मुंबई का रुख किया, तो अपने हुनर के बूते सीरियल में काम करने का मौका मिला।

# 'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज़्नी+हॉटस्टार के आगामी शो 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारूवी अग्रवाल ने डिज़्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं।



### युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे : प्रोड्यूसर

द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान' के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### रावण का किरदार मुझे बचपन से पसंद रहा : केलकर

'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था। मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था।

# अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म 'सुल्तान मिर्जा' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक़ाब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़ल्मि प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़ल्मि के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़ल्मि को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वी जी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फ़ल्मि की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है, स्क्रीनप्ले और संवाद हिमायत अली का है। फ़ल्मि के सिनेमेटोग्राफर दिनेश आर पटेल एवं सन्तोष सिंह हैं। फ़ल्मि में मारधाड़ जावेद आर शेख का है , कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री हैं। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के मुख्य कलाकार साहिल अख़्तर खान, श्वेता दुबे, हिमायत अली, ज़रीना वहाब, दीपक भाटिया, यशपाल शर्मा, अनंत जोग, सिकन्दर खान, देव गिल हैं।



## अभिषेक बच्चन ने कहा- फिल्मफेयर में जाकर मिली पहली फिल्म

# अभिषेक ने सुनाया पहली फिल्म मिलने का किस्सा

अभिषेक बच्चन ने 2000 में निर्देशक जेपी दत्त की फिल्म 'रिफ्यूजी' से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी, लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अभिषेक ने करियर की शुरुआती दिनों को याद कर पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' मिलने का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पिता अमिताभ बच्चन के व्यवसाय के ध्वस्त होने के बाद वह अमेरिका से वापस भारत लौटे और प्रोडक्शन सहायक व सहायक निर्देशक के तौर पर काम करने लगे थे।

### दिवालिया हो गए थे अमिताभ

दरअसल, अमिताभ ने एबीसीएल नाम की कंपनी खोली, जो फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। हालांकि, कंपनी पर करोड़ों रुपये का कर्ज हो गया और अभिनेता दिवालिया हो गए। बाद में अभिनेता को काम मिलने लगा और उन्होंने कर्ज उतार दिया।



### कोई नहीं करना चाहता था अमिताभ के बेटे को लॉन्च

एक बातचीत में अभिषेक ने बताया कि वह हमेशा से अभिनेता बनना चाहते थे और इसलिए उन्होंने कई निर्देशकों से मुलाकात की, लेकिन कोई भी अमिताभ के बेटे को लॉन्च करने की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता था। ऐसे में अभिषेक और उनके दोस्त ने स्क्रिप्ट खुद लिखने का फैसला किया, लेकिन वह भी आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, एक दिन अमिताभ ने अभिषेक को फिल्मफेयर पुरस्कारों में साथ चलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद उनका जीवन बदला।

### बहन की शादी की शेरवानी पहन फिल्मफेयर में पहुंचे थे अभिषेक

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जाने के लिए महीनों पहले से योजना बनाई जाती थी कि क्या पहनना है क्योंकि उन दिनों कपड़े खरीदने पड़ते थे। अभिषेक ने कहा, मुझे नहीं पता था कि क्या पहनूं और अब अजीब लगता है, लेकिन मेरे पास इतने कपड़े भी नहीं थे। हम उस समय एक कठिन दौर से गुजर रहे थे और खर्चा नहीं कर सकते थे। ऐसे में अभिनेता अपनी बहन की शादी वाली शेरवानी पहनकर फिल्मफेयर में गए थे।

### पुरस्कार समारोह के 2 दिन बाद ही मिल गई फिल्म

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जेपी दत्ता को फिल्म 'बॉर्डर' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला था और जब वह मंच से नीचे जा रहे थे तो उनकी नजर अभिनेता पर पड़ी। इसके 2 दिन बाद ही निर्देशक ने अभिषेक से मिलने के लिए कहा और ऐसे अभिनेता को उनकी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' मिल गई। इस फिल्म में अभिषेक के साथ करीना कपूर नजर आई थीं, जो भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही थीं।

### इस फिल्म में दिखेंगे अभिषेक

अभिषेक हाल ही में सैयामी खेर के साथ फिल्म 'घूमर' में नजर आए थे, जिसमें वह एक पूर्व खिलाड़ी और कोच के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। ये फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है। अब अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'भोला' के अगले भाग में नजर आ सकते हैं, जिसमें वह एक अहम किरदार निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता की फिल्म 'दसवीं' के सीक्वल को लेकर भी खबरें आ रही थीं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### तमनार में अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप शुरू

**तमनार।** सर्वोदय नवयुवक मण्डल पटनायक मोहल्ला तमनार द्वारा आयोजित 15 वां वर्ष अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप 2023-24 स्व विजय बोबा एवं सुमित पटनायक को विनम्र श्रद्धांजलि का आयोजन 25 दिसम्बर अटल सुशासन दिवस के अवसर पर हाई स्कूल मैदान तमनार में भव्य शुभारम्भ किया गया। फायनल मैच समापन 1 जनवरी नव वर्ष के शुभ अवसर पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में स्थानीय तमनार, रायगढ़, बिलासपुर के साथ ओडिसा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र की 40 टीम शामिल होंगे। हाई स्कूल मैदान के चारो ओर रंग रोगन व झंडा से सुसज्जित कर मंच व दर्शक दीर्घा विजय गैलरी को राज टेंट हाउस द्वारा भव्य सजाया संवारा गया है। सर्वप्रथम चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना कर गेंद बल्ला स्टम्प का पूजा अर्चना किया गया। खिलाड़ियों से परिचय के बाद टॉस किया गया। शुभारंभ मैच तमनार विरुद्ध रुमकेरा खेला गया तमनार ने निर्धारित 10 ओवर में 120 रन बनाए रुमकेरा की टीम ने 105 रन ही बना पाया तमनार की टीम 15 रन से मैच जीत लिया।

### खनिज विभाग की कार्रवाई, 5 वाहन जब्त

**सारंगढ़।** सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार और कलेक्टर डॉ फ़रीहा आलम सिदीक़ी के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा कोसीर, सरसीवा, भटगांव एवं बिलाईगढ़ क्षेत्र का जांच किया गया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कोसीर क्षेत्र में 02 ट्रैक्टर रेत एवं सरसींवा क्षेत्र में 02 ट्रैक्टर रेत व भटगांव क्षेत्र में 01 हाइवा बंजरी गिट्टी अवैध खनिज परिवहन करते पाए जाने पर स्थल पर ही 05 वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई तक थाना प्रभारी कोसीर, सरसींवा एवं भटगांव के सुपुर्दगी में दिया गया। जांच टीम में खनि अधिकरी एच डी भारद्वाज, दीपक पटेल, लक्ष्मीनारायण घृतलहरे शामिल थे।

### नगरीय निकायों में सफाई अभियान

**सारंगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिले के सभी नगरीय निकायों में सफाई अभियान किया गया। नगर पालिका सारंगढ़ में सीएमओ राजेश पांडेय के नेतृत्व में साप्ताहिक बाजार स्थित शमशान घाट का सफाई किया गया। नगर पंचायत सरिया में सीएमओ माजिद खान, बरमकेला में सीएमओ अनिल सोनवानी, भटगांव में सीएमओ मधुलिका और बिलाईगढ़ में सीएमओ मनीष गायकवाड़ के नेतृत्व में नगर पंचायत के मुख्य सड़कों, अटल चौक सहित अन्य चौक चौराहों का सफाई किया गया। सफाई अभियान में नगरीय निकाय के सफाईकर्मियों समेत आम जन ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

### केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पहुंचे जिले के दौरे पर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ: सीएस कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देता हुआ डिजीटल रथ गांव-गांव में पहुंच रहा है। शासन के विभिन्न विभाग शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं की न केवल जानकारी दे रहे है। बल्कि पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर मौके पर ही उन्हें योजना का लाभ देने प्रक्रिया पूरी कर रहे है।

इसी कड़ी में अतिरिक्त सचिव भारत सरकार पंचायत राज मंत्रालय व विकसित भारत संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रभारी अधिकारी सीएस कुमार रायगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी साथ रहे। यहां उन्होंने पुसौर तथा रायगढ़ विकासखण्ड में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा शिविर का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। अतः अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए तभी विकसित



भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सफल होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजना का लाभ लेने की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त सचिव सीएस कुमार ने पहले पुसौर विकासखण्ड के ग्राम टपरदा में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वास्थ्य, कृषि, जल जीवन मिशन, महिला बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग, लोक सेवा केन्द्र सहित अन्य विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड व योजना से जुड़े प्रमाण पत्र व सामग्री व सहायता राशि का चेक वितरित किए। अतिरिक्त सचिव श्री सीएस कुमार इसके पश्चात रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कोलाईबहाल के शिविर में पहुंचे। यहां भी उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की तथा गांव में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उपस्थित जनों को उन्होंने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई की भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करेंगे।

इस दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर दिनेश अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशील भोय, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, रूपेन्द्र ठाकुर, सरपंच ग्राम टपरदा कमला सिदार, सरपंच कोलाईबहाल सायरा बानो, उप सरपंच अशोक अग्रवाल, विजय मिश्रा, राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसानों को कृषि के उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## जंगल गए अधेड़ पर हाथी ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जतरा निवासी 50 वर्षीय अधेड़ पर एक दंतैल हाथी ने उस वक्त हमला कर दिया, जब वह सुबह जंगल की ओर लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था। बीट गार्ड की सूचना पर वन अमला और पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पाकरगांव बीट 335 पीएफ सरना बार्डर के पास बृजराज सिदार उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी जतरा रोज की तरह लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था। जब वह जंगल में लकड़ी काट रहा था, इसी बीच वहां एक दंतैल हाथी आ पहुंचा। हाथी की मौजूदगी होने का एहसास होते ही वह अपनी जान बचाकर वहां से भागने का प्रयास करने लगा। किंतु हाथी की उस पर नजर पर गई और गजराज ने उसे अपनी सूंढ से उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ ग्रामीणों से इस बात की सूचना बीट गार्ड को मिली। जिसके बाद बीट गार्ड ने विभाग के अधिकारियों को इस घटना के बारे में बताया। ऐसे में वन अमला और पुलिस दल मौके पर पहुंचा। फिलहाल मृतक के परिजनों को सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपए प्रदान किया गया।

## जिले के दो हजार किसान धान के बोनस से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य सरकार ने वर्ष 14-15 और 15-16 का बकाया धान बोनस सोमवार को किसानों को वितरित कर दिया। डायरेक्ट एकाउंट में राशि भेजी गई। इसमें वे किसान रह गए हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जिनका खाता नंबर सही नहीं है। रायगढ़ जिले में करीब दो हजार ऐसे किसान हैं। करीब आठ साल पहले हुई धान खरीदी का बोनस अब किसानों को दिया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र में वादा किया गया था। सोमवार को सभी किसानों के एकाउंट में राशि ट्रांसफर कर दी गई।

हालांकि अभी भी सारे किसानों को रकम नहीं मिल सकी है। इन आठ सालों में कई किसानों की मृत्यु हो चुकी है। अब उस भूमि के वारिस कोई और हैं। ऐसे किसानों का बैंक एकाउंट भी बंद हो चुका है। कई किसानों के एकाउंट नंबर गलत हैं। तब धान खरीदी के भुगतान के लिए खाता क्रमांक की पड़ताल ज्यादा नहीं की जाती थी। इसलिए कुछ किसानों के पंजीयन में किसी और बैंक एकाउंट डाला गया था।

### पुसौर क्षेत्र के 8482 किसानों को 17 करोड 82 लाख का बोनस

**पुसौर।** प्रदेश के नई भाजपा सरकार देश के प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेई के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेश के किसानों के बकाया रहे 2 साल के बोनस को एक साथ वितरीत किया है इसी कडी में ब्लाक स्तर पर क्षेत्र के 8482 किसानों के नाम पर उनका बकाया राशि उनके खाते में 17 करोड 82 लाख रुपए



आनलाईन डाल दिया गया है। बीते दिनांक को इस तारतम्य में जनपद कार्यालय परिसर पुसौर में सीईओ अभिशेक बनर्जी एवं अपेक्स बैंक प्रबंधक एम के परेता के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा घनश्याम पटेल, जिलाध्यक्ष गौरांग साव, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, पार्षद समारी यादव, सरपंच अध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पिकनिक मनाकर लौट रहे छात्रों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

**रायगढ़।** डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सपोस निवासी दो छात्र साराडीह बैराज से पिकनिक मनाकर वापस आ रहे थे, इसी बीच एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह हादसा पड़ोसी जिले सक्ती का है। जानकारी के अनुसार डभरा थानांतर्गत ग्राम सपोस में रहने वाला 18 वर्षीय सुमित सारथी पिता प्रेम सारथी कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ता था। सुमित और उसके 3 दोस्तों ने बीते रविवार पिकनिक जाने का प्लान बनाया। दो अलग अलग मोटर सायकिल लेकर 4 दोस्त पिकनिक मनाने के लिए साराडीह बैराज गए। दिनभर बैराज किनारे खाने पीने के बाद शाम लगभग साढ़े 5 बजे वे घरवापसी के लिए रवाना हुए। सुमित कक्षा ग्यारहवीं के दोस्त चंद्रकांत सिदार के साथ एक बाईक में था और दूसरी मोटर सायकिल में उसके दो अन्य दोस्त थे। बैराज से निकले चारो छात्र साराडीह रोड पहुंचे थे कि अपेक्षाकृत तेज और लापरवाही पूर्वक रफ्तार से कार क्रमांक सीजी 13 बीजे 7246 के चालक ने उनको ठोकर मार दी।

### साप्ताहिक शैक्षणिक भ्रमण में इसरो पहुंचे सर्वोदय के विद्यार्थी

**चंद्रपुर।** सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर के साप्ताहिक शैक्षणिक भ्रमण में छात्र छात्राओं को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो बेंगलुरु ले जाया गया है। इस शैक्षणिक भ्रमण हेतु 61 विद्यार्थी व विद्यालय के प्राचार्य सहित 10 शिक्षक गण कुल 71 व्यक्ति पहुंचे हुए हैं। विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष ली जाने वाली इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों की ज्ञान एवं कौशल को विकसित करना होता है। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थी गण वहां पहुंच कर स्वत अवलोकन करते हैं जिससे उनके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि होती है व भविष्य में उसका उपयोग शिक्षा स्तर को उन्नत करने में करते हैं। इस सत्र भी विद्यार्थियों के इच्छानुसार व पालकों की सहमति पर विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को लिए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र इसरो का चयन किया गया साथ ही मैसूर एवं हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड कंपनी का भी अवलोकन विद्यार्थियों को करवाया गया। इसरो पहुंचकर विधार्थीयों ने अवलोकन किया व यह जानकारी प्राप्ति के की किस तरह हमारे वैज्ञानिक दिन प्रतिदिन अनुसंधान कर भारत देश का नाम पूरे विश्व में ऊँचा कर रहे हैं।

## ओपी जिंदल विद्यालय कुंजेमुरा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**रायगढ़।** ओपी जिंदल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंजेमुरा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोलन 19 से 23 दिसंबर के मघ्य किया गया। कार्यक्रम तीन दिनों तक चला जो कि खेल भावना और सौहार्द का एक जीवंत उदाहरण था। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप सांगवान रहे और तीसरे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीके भार्गव कार्यपालन उपाघ्यक्ष लायजन व सीएसआर जेपीएल तमनार द्वारा की गई। विद्याकी अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती और बाबूजी श्रीयुत ओपी जिंदल के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह की अधिकारिक शुरुआत हुई।

प्रथम दिन खेलों के महत्व और इतिहास पर जोर देते हुए खेल के दिग्गजों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री संदीप सांगवान ने अपने ऊर्जावान और उत्साहवर्धक भाषण में चरित्र निर्माण और व्यक्तिगत विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। साथ ही विद्यालय काझंडा फहराए जाने से खेल प्रतियोगिता की आधिकारिक शुरुआत हुई। शक्ति और आशा के प्रतीक मशाल प्रज्ज्वलन समारोह ने



उत्साह का माहौल बना दिया। श्री सांगवान ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया और वार्षिक खेल प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए छात्रों को समर्पण के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। वार्षिक खेल समारोह 2023 का समापन समारोह भव्यता और उत्साह के साथ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीके भार्गव कार्यपालन उपाघ्यक्ष लायजन व सीएसआर जेपीएल तमनार रहे। खेल समारोह के दौरान कुछ ऊर्जावान और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश की गई जिसमें श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा परिकल्पित छत्तीसगढ़ी नृत्य और स्वागत नृत्य भी शामिल था। विद्यार्थियों ने सभी खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लिया और समारोह को सफल बनाने में अपना हरसंभव सहयोग किया। समापन समारोह कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा जहां विभिन्न श्रेणियों, जैसे कि कबड्डी, वॉलीबॉल, डॉज बॉल और शतरंज में विजेताओं को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समापन समारोह में डीके भार्गव ने अपने प्रेरक वक्तव्य में खेलों के महत्व और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

प्राचार्य कृष्णावतार शर्मा ने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की जेटी राम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों व विद्यालय के सभी सदस्यों के प्रति उनके प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

**4 हजार आवास मित्र बेरोजगार**

## आवास मित्र के पदों पर पुनर्नियुक्ति करने की मांग

**रायगढ़।** कांग्रेस की सरकार आने के बाद आवास मित्र की नियुक्तियों को निरस्त कर दिया गया था। ऐसे में पूरे प्रदेश भरे के करीब 4 हजार आवास मित्र बेरोजगार हो गए। अब सरकार बदलने के बाद पुनः इस पद की बहाली की मांग करते हुए कलेक्टर को छत्तीसगढ़ आवास मित्र अनियमित कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2016 मां शुरू की गई थी। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए ग्रामीण स्तर पर



आवास मित्रों की नियुक्ति की गई थी। किंतु प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में आवास मित्र के पदों को निरस्त कर दिया था, जिसकी वजह से आवास मित्र बेरोजगार हो गए। ऐसे में उन्हें आर्थिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे पहले भी आवास मित्रों ने कई बार शासन को इस संबंध में पत्राचार कर पद की बहाली की मांग की थी, किंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। मगर अब सरकार बदलने के बाद इन्हें फिर से एक उम्मीद जगी है कि इस पद को बहाल किया जाएगा। क्योंकि इस पद का सृजन भाजपा की सरकार द्वारा ही किया गया था। यही वजह है कि उन्होंने शासन को इस ओर उचित कदम उठाने की मांग की है।

### पृष्ठ 1 का शेष

### मुख्यमंत्री करेंगे ...

विकास विभाग के 05 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर के 01 कार्य, जल संसाधन विभाग के 03 कार्य, नगर पंचायत बगीचा के 10 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 04 कार्य, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 01, आदिवासी विकास विभाग के 02 और छग गृह निर्माण मण्डल के 01 कार्य शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के 01 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 66 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 01 कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के 04 कार्य और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 03 कार्य शामिल है। विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत कृषि विभाग के 01 कार्य, अक्षय ऊर्जा विभाग के 01 कार्य, नगर पंचायत पत्थलगांव के 13 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 01 कार्य शामिल हैं।

### पीएम विश्वकर्मा से 18 क्षेत्रों के कारीगरों को मिलेगा लाभ

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र कारीगर को सरकार की तरफ से 3 लाख रुपये का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये तक का लोन लिया जा सकता है। हितग्राहियों को कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15 हजार रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 रूपए के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है। सहायक संचालक कौशल विकास पुरुषोत्तम स्वर्णकार से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वालेए मोची जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाला, इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर सीएससी के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है।







